Exam Date:- 15.11.2022

**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए।/Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : **16**
No. of Pages in Booklet : **16**
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : **150**
No. of Questions in Booklet : **150**
Paper Code : **01**
SUBJECT **: Hindi**

# LSK-22

## Paper-II

प्रश्न पुस्तिका संख्या/Question Booklet No. **205129**

समय : **03:00** घण्टे Time : **03:00** Hours

अधिकतम अंक : **300** Maximum Marks: **300**

प्रश्न पुस्तिका के पेपर की सील/पॉलिथिन बैग को खोलने पर प्रश्न पत्र हल करने से पूर्व परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि :–
- प्रश्न पुस्तिका संख्या तथा ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर अंकित बारकोड संख्या समान है।
- प्रश्न पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक के सभी पृष्ठ व सभी प्रश्न सही मुद्रित हैं। समस्त प्रश्न, जैसा कि ऊपर वर्णित है, उपलब्ध हैं तथा कोई भी पृष्ठ कम नहीं है/मुद्रण त्रुटि नहीं है।

किसी भी प्रकार की विसंगति या दोषपूर्ण होने पर परीक्षार्थी वीक्षक से दूसरा प्रश्न पत्र प्राप्त कर लें। यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। परीक्षा प्रारम्भ होने के **5** मिनट पश्चात् ऐसे किसी दावे/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

On opening the paper seal/polythene bag of the Question Booklet before attempting the question paper the candidate should ensure that:-
- Question Booklet Number and Barcode Number of OMR Answer Sheet are same.
- All pages & Question of Question booklet and OMR answer sheet are properly printed. All question as mentioned above are available and no page is missing/misprinted.

If there is any discrepancy/defect, candidate must obtain another Question Booklet from Invigilator. Candidate himself shall be responsible for ensuring this. No claim/objection in this regard will be entertained after **five** minutes of start of examination.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा।
5. **OMR** उत्तर–पत्रक इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है। जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर–पत्रक निकाल कर ध्यान से केवल **नीले बॉल प्वॉइंट पेन** से विवरण भरें।
6. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर सावधानी पूर्वक सही भरें। गलत रोल नम्बर भरने पर परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।
7. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा।** गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है।
8. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः **1, 2, 3, 4** अंकित किया गया है। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर–पत्रक पर **नीले बॉल प्वॉइंट पेन** से गहरा करना है।
9. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेज़ी रूपान्तरों में से अंग्रेज़ी रूपान्तर मान्य होगा।
10. मोबाइल फोन अथवा इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित हैं। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है, तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए और **राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2022 तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों–प्रावधानों** के तहत कार्यवाही की जाएगी। साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. Answer all questions.
2. All questions carry equal marks.
3. Only one answer is to be given for each question.
4. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
5. The **OMR** Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **blue ball point pen** only.
6. Please correctly fill your Roll Number in O.M.R. Answer Sheet. Candidate will themselves be responsible for filling wrong Roll Number.
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question.
8. Each question has four alternative responses marked serially as **1, 2, 3, 4**. You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **BLUE BALL POINT PEN.**
9. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature, then out of Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.
10. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Prevention of Unfair means) Act, 2022 & any other law applicable and Commission's Regulations.** Commission may also debar him/her permanently from all future examinations.

उत्तर पत्रक में दो प्रतियां हैं – मूल प्रति और कार्बन प्रति, परीक्षा समाप्ति पर परीक्षा कक्ष छोड़ने से पूर्व परीक्षार्थी उत्तर पत्रक की दोनों प्रतियां वीक्षक को सौंपेंगे, परीक्षार्थी स्वयं कार्बन प्रति अलग नहीं करें। वीक्षक उत्तर पत्रक की मूल प्रति को अपने पास जमा कर, कार्बन प्रति को मूल प्रति से कट लाईन से मोड़कर सावधानी पूर्वक अलग कर परीक्षार्थी को सौंपेंगे। परीक्षार्थी कार्बन प्रति को अपने साथ ले जायेंगे।

1. शुद्ध वाक्य है –
(1) उसने गुरु के चरणों में अपना सिर रख दिया।
(2) इन दोनों घरों में एक दीवार है।
(3) उनकी योग्यता उनके काम से प्रकट होती है।
(4) उसने दिन भर नाटक पढ़ डाला।

2. निविदा सूचना के प्रारूप में उल्लिखित नहीं होता है –
(1) संबोधन एवं अधोलेख
(2) निविदा प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि
(3) निविदाएँ खोलने की तिथि
(4) कार्य/आपूर्ति का विवरण

3. अर्ध–सरकारी पत्र के लेखन के संबंध में इनमें से अनुपयुक्त कथन है –
(1) किसी विषय पर अधिकारी की निजी सम्मति प्राप्त करने हेतु।
(2) स्मरण–पत्र भेजने पर भी उत्तर न प्राप्त होने पर।
(3) अन्य पुरुष बहुवचनयुक्त भाषा का प्रयोग।
(4) पत्र की भाषा सरल और स्पष्ट।

4. 'यावज्जीवन' शब्द किस समास का उदाहरण है?
(1) बहुव्रीहि
(2) अव्ययीभाव
(3) तत्पुरुष
(4) कर्मधारय

5. निविदा का उद्देश्य –
(1) शासकीय आदेश का संचरण होता है।
(2) संबद्ध विभाग में निर्माण, खरीद आदि कार्यों हेतु प्रस्ताव होता है।
(3) विभागीय कमियों से अधिकारियों को अवगत कराना होता है।
(4) आमजन को विभाग से परिचित करवाना होता है।

6. 'अधिसूचना' का प्रयोग नहीं किया जाता है –
(1) राजपत्रित अधिकारियों की पदोन्नति हेतु।
(2) सभी सरकारी कर्मचारियों की नियुक्ति की सूचना हेतु।
(3) सांविधिक नियमों और आदेशों की सूचना हेतु।
(4) शक्तियों के सौंपे जाने की घोषणा हेतु।

7. 'गूलर का फूल होना' का अभिप्राय है –
(1) गुप्त रहस्य प्रकट होना
(2) स्पष्ट दिखाई देना
(3) दुर्लभ वस्तु होना
(4) व्यर्थ की बात करना

8. 'पौ बारह होना' मुहावरे का निकटतम अर्थ है –
(1) दाँव हारना
(2) कार्य लगभग सफल होना
(3) जीत होना
(4) सुबह हो जाना

9. 'विभूति' शब्द का अर्थ नहीं है –
(1) अभ्युदय
(2) ऐश्वर्य
(3) लक्ष्मी
(4) आभूषण

10. इनमें से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द कौनसा है?
(1) सौहाद्र
(2) सौहार्द
(3) सोर्हाद
(4) सौर्हाद

11. 'काठ की हाँडी बार–बार नहीं चढ़ती' लोकोक्ति का अर्थ है –
   (1) लकड़ी का बर्तन अग्नि से जल सकता है।
   (2) बुरे दिन हमेशा नहीं रहते।
   (3) छल कपट का व्यवहार हमेशा सफल नहीं होता।
   (4) दुर्भाग्य की मार बार–बार नहीं होती।

12. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य कौनसा है?
   (1) यह लेख उत्कृष्टतम है।
   (2) वे सज्जन व्यक्ति हैं।
   (3) समाज की आज की वर्तमान दशा चिंताजनक है।
   (4) शिक्षा पद्धति को सरल बनाएँ।

13. 'वागीश' का संधि विच्छेद कीजिए –
   (1) वाग + ईश
   (2) वाग् + ईश
   (3) वाक + ईश
   (4) वाक् + ईश

14. 'हाथ कंगन को आरसी क्या' लोकोक्ति का अर्थ है –
   (1) बिल्कुल पढ़ा–लिखा न होना।
   (2) विद्वान को धन की आवश्यकता नहीं।
   (3) प्रत्यक्ष को प्रमाण की आवश्यकता नहीं।
   (4) सुंदर स्त्री को आभूषणों की आवश्यकता नहीं।

15. परिपत्र के विषय में असंगत कथन है –
   (1) संबोधन का प्रयोग नहीं होता है।
   (2) अधोलेख का प्रयोग नहीं होता है।
   (3) 'परिपत्र' शब्द का प्रयोग होता है।
   (4) व्यक्ति विशेष को संबोधित होता है।

16. वर्तनी की दृष्टि से कौनसा शब्द शुद्ध है?
   (1) निरंपराध
   (2) बिभीषिका
   (3) वागेश्वरी
   (4) दवाईयाँ

17. 'जिसने देश के साथ विश्वासघात किया हो।' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द है –
   (1) बागी
   (2) क्रांतिविरोधी
   (3) देशद्रोही
   (4) विद्रोही

18. निम्नलिखित शब्द युग्मों के सही अर्थ वाला युग्म है –
   (1) सम्प्रति = आज, संप्राप्ति = प्रत्यक्ष
   (2) व्याकरण = भाषांशास्त्र, वैयाकरण = रूप परिवर्तन
   (3) भित्ति = दीवार, भीति = भय
   (4) विपिन = आकाश, विपन्न = दरिद्र

19. 'संकर्षण' में उपसर्ग बताइए –
   (1) सम
   (2) सन
   (3) सम्
   (4) स

20. 'परिव्राजक' शब्द का पर्याय है –
   (1) व्यापारी
   (2) शिक्षक
   (3) सन्यासी
   (4) आलसी

21. 'सुदूर' का सही विलोम है –
   (1) अगम
   (2) अलभ्य
   (3) आभ्यंतर
   (4) सन्निकट

22. निम्नलिखित में से कौनसा शब्द 'इक' प्रत्यय से निर्मित होते हुए अशुद्ध वर्तनी वाला है?
   (1) नैतिक
   (2) समाजिक
   (3) रासायनिक
   (4) ऐतिहासिक

## अपठित गद्यांश

गद्यांश के आधार पर प्रश्न संख्या **23 से 24** तक के उत्तर दीजिए –

'भाषा ऐसी होनी चाहिए जो सरल हो और भावों को बिल्कुल ठीक–ठीक अभिव्यक्त करने की क्षमता से संपन्न हो। शब्दकोश में तो शब्द ही शब्द भरे होते हैं, पर मैं लाख होशियारी बरतूँ, तो भी उनमें से क्या अपने लिए कोई शब्द चुन सकता हूँ? मैं समझता हूँ कि शब्द होशियारी से नहीं चुना जाता, अंतस्संज्ञा उसे आप चुन लेती है – मन के भीतर के शब्दकोश से। मुझे लगता है कि जब मन में कोई भाव उठता है, तो अपने आप अभिव्यक्ति की संज्ञा भी साथ लिए रहता है, जो स्पष्ट हुई तो शब्द झट मिल जाता है और अस्पष्ट या धूमिल–सी हुई तो सृजन की उस प्रक्रिया में एक के बाद दूसरा शब्द उपस्थित चुनौती का सामना करने के लिए मन की गहराइयों में से उठकर ऊपर आ जाता है – वैसे ही जैसे सीता–स्वयंवर में एक के बाद दूसरा वीर उस धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाने के लिए आया था और अपना सा मुँह लेकर चला जाता था। जब ठीक शब्द मिल जाता है तब सर्जक–मन परम सुख से उसके गले में वरमाला डाल देता है।'

**23.** इस अवतरण में 'अभिव्यक्ति' को स्वयंवर कहा गया है, क्योंकि उसमें –

**(1)** प्रदर्शन की भावना होती है।

**(2)** सार्वजनिक सहयोग होता है।

**(3)** उचित शब्द को स्वयं खोज लेने की क्षमता होती है।

**(4)** लेखक की विद्वता प्रकट होती है।

205129

**24.** इस गद्यांश में लेखक ने मुख्य रूप से –

**(1)** सीता स्वयंवर का चित्रण किया है।

**(2)** साहित्य की सृजन–प्रक्रिया का चित्रण किया है।

**(3)** भाषा विज्ञान की व्याख्या की है।

**(4)** भाषा का समाजशास्त्रीय अध्ययन प्रस्तुत किया है।

## अपठित पद्यांश

पद्यांश के आधार पर प्रश्न संख्या **25 से 26** तक के उत्तर दीजिए –

205129

अगर मैं तुमको  
ललाती साँझ के नभ की अकेली तारिका  
अब नहीं कहता,  
या शरद के भोर की नीहार–न्हायी कुंई,  
टटकी कली चंपे की  
वगैरह, तो  
नहीं कारण कि मेरा हृदय उथला या कि सूना है,  
या कि मेरा प्यार मैला है।  
बल्कि केवल यही:  
ये उपमान मैले हो गए हैं  
देवता इन प्रतीकों के कर गए हैं कूच  
कभी बासन अधिक घिसने से मुलम्मा छूट जाता है।

205129

**25.** यहाँ 'मुलम्मा' शब्द का अर्थ है –

**(1)** चमक | **(2)** परत

**(3)** मूल धातु | **(4)** पानी

**26.** 'देवता इन प्रतीकों के कर गए हैं कूच' का तात्पर्य है –

**(1)** देवता प्रतीक से दूर चले गए हैं।

**(2)** प्रतीक अर्थहीन हो गए हैं।

**(3)** देवताओं का प्रतीक में प्रयोग उचित नहीं है।

**(4)** देवता एवं प्रतीक का कोई संबंध नहीं है।

205129

**27.** राहुल सांकृत्यायन के अनुसार हिन्दी का प्रथम कवि है –

**(1)** पुष्य | **(2)** शालिभद्र सूरी

**(3)** सरहपा | **(4)** देवसेन

**28.** 'चौरासी वैष्णवन की वार्ता' के लेखक हैं –

**(1)** नाभादास | **(2)** सूरदास

**(3)** नंददास | **(4)** गोकुलनाथ

29. 'भगवान के पोषण या अनुग्रह से ही भक्ति प्राप्त होती है' ऐसा मानने वाला संप्रदाय है –

(1) पुष्टि मार्ग
(2) सखी संप्रदाय
(3) राधा वल्लभ संप्रदाय
(4) राम सनेही संप्रदाय

30. तरनि तनूजा तट तमाल तरुवर बहु छाये।
झुके कूल सों जल परसन हित मनहुँ सुहाये।।
उक्त काव्यांश की दूसरी पंक्ति में कौनसा अलंकार है?

(1) यमक
(2) दृष्टान्त
(3) श्लेष
(4) उत्प्रेक्षा

31. आई है वीरता तपोवन में, क्या पुण्य कमाने को?
या संन्यास साधना में है, दैहिक शक्ति जगाने को?
उक्त पंक्तियों में अलंकार है –

(1) भ्रांतिमान
(2) उत्प्रेक्षा
(3) संदेह
(4) उदाहरण

32. आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के निबंधों के विषय में कौनसा कथन सही नहीं है?

(1) इतिहास, पुराण आदि से गंभीर तथ्य उठाते हुए वे प्रायः उन्हें समसामयिकता से जोड़ देते हैं।
(2) पाण्डित्य को सहजता की ओर ले जाना उनका स्वभाव है।
(3) अधिकांश निबंधों में उन्होंने सपाट और सतही विवरण दिये हैं।
(4) उनके निबंधों में सांस्कृतिक विरासत के वर्चस्व के साथ उत्कृष्ट जिजीविषा एवं नवीन जीवन बोध दिखाई देता है।

33. निम्नलिखित में से 'सी.ए.आई.' को किस अन्य नाम से भी जाना जाता है?

(1) सी.पी.आई.
(2) सी.डी.आई.
(3) सी.जी.आई.
(4) सी.एस.आई.

34. निम्नलिखित में से कौनसी शिक्षण प्रतिमान की विशेषता नहीं है?

(1) शिक्षण प्रतिमान वे सांचे या योजना हैं, जिन्हें शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया के सफल क्रियान्वयन् हेतु अग्रिम रूप से तैयार किया जाता है।
(2) शिक्षण प्रतिमान वे सांचे या योजना हैं, जिनके माध्यम से पाठ्यक्रम निर्धारण किया जाता है।
(3) शिक्षण प्रतिमानों से एक ऐसे उचित शिक्षण अधिगम वातावरण के निर्माण में सहयोग मिलता है, जिससे शिक्षण अधिगम उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु प्रभावी शिक्षण किया जा सके।
(4) किसी विशेष शिक्षण अधिगम परिस्थिति में प्रदत्त विशिष्ट अनुदेशन हेतु शिक्षण प्रतिमानों के द्वारा हमें विशिष्ट अनुदेशनात्मक प्रारूप प्राप्त हो सकते हैं।

35. सूफी कवियों में निम्नलिखित में से किन्हें नहीं माना जाता है?

(1) कुतुबन
(2) मंझन
(3) उसमान
(4) रसखान

36. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना किस सप्तक में संकलित कवि हैं?

(1) तार सप्तक
(2) दूसरा सप्तक
(3) तीसरा सप्तक
(4) चौथा सप्तक

37. सठ सुधरहिं सत संगति पाई।
पारस परस कुधात सुहाई।।
इस पंक्ति में कौनसा अलंकार है?

(1) उदाहरण
(2) दृष्टांत
(3) रूपक
(4) उपमा

38. निम्नलिखित में से कौनसा शिक्षा मनोविज्ञान का कार्य नहीं है?

(1) वैयक्तिक भिन्नताओं को समझना।
(2) बालकों की समस्याओं को समझना।
(3) मानसिक विकृत बालकों का उपचार।
(4) समूह गत्यात्मकता की समझ।

39. प्रदत्त विकल्पों में से आदिकाल को 'चारणकाल' की संज्ञा देने वाले विद्वान कौन थे?

(1) मिश्रबंधु
(2) रामशंकर शुक्ल 'रसाल'
(3) जॉर्ज ग्रियर्सन
(4) राहुल सांकृत्यायन

**40.** सोशल मीडिया में परिगणित नहीं है –
(1) इंस्टाग्राम (2) फिल्म
(3) ब्लॉग्स (4) ट्विटर

**41.** प्रदत्त विकल्पों में से हिन्दी साहित्य का प्रथम इतिहासकार कौन है?
(1) शिवसिंह सेंगर (2) जॉर्ज ग्रियर्सन
(3) आचार्य रामचंद्र शुक्ल (4) गार्सां द तासी

**42.** निम्नलिखित में से कौनसा कथन शिक्षा मनोविज्ञान की दृष्टि से शिक्षा और मनोविज्ञान के अन्तर्सम्बन्धों को नहीं दर्शाता?
(1) शिक्षा मनोविज्ञान, मनोविज्ञान की एक शाखा है, जो शैक्षिक परिवेश में व्यक्ति के व्यवहारों का अध्ययन करती है।
(2) मनोविज्ञान व्यवहार का वस्तुपरक विज्ञान है, जबकि शिक्षा मानव व्यवहार को मनोवांछित दिशा में परिवर्तित करने की प्रक्रिया है।
(3) शिक्षा मनोविज्ञान के अन्तर्गत सामान्य एवं असामान्य मनोविज्ञान दोनों को एक साथ स्थान दिया गया है।
(4) शिक्षा मनोविज्ञान के अन्तर्गत शैक्षिक परिस्थितियों एवं उनमें सम्पन्न होने वाली शिक्षण–अधिगम प्रक्रियाओं को सम्मिलित किया गया है।

**43.** रीतिकाल को श्रृंगारकाल किसने कहा?
(1) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र (2) विश्वनाथ तिवारी
(3) विश्वम्भरनाथ उपाध्याय (4) विश्वनाथ शुक्ल

**44.** हिन्दी साहित्य का आदिकालीन 'नाथपंथ' किस परंपरा के निकट है?
(1) सिद्ध परंपरा (2) जैन परंपरा
(3) चारण परंपरा (4) सूफ़ी परंपरा

**45.** काल्पनिक श्रोता (Imaginary Audience) की समस्या प्रायः दिखाई देती है –
(1) शैशवावस्था में (2) किशोरावस्था में
(3) बाल्यावस्था में (4) वृद्धावस्था में

**46.** लोंजाइनस ने उदात्त के स्रोत में सम्मिलित नहीं किया है –
(1) प्रबल भावावेग की प्रेरणा (2) अभिजात पद–रचना
(3) अलंकारों की समुचित योजना (4) बालेयता

**47.** "शिवाजी और छत्रसाल की वीरता के वर्णनों को कोई कवियों की झूठी खुशामद नहीं कह सकता।" भूषण के बारे में यह कथन किसका है?
(1) रामचरित उपाध्याय (2) रामचंद्र शुक्ल
(3) राय कृष्णदास (4) रामनाथ शुक्ल

**48.** खड़ी बोली हिन्दी में लिखा गया प्रथम महाकाव्य है –
(1) साकेत (2) प्रिय–प्रवास
(3) लोकायतन (4) कामायनी

**49.** राजस्थान के प्रमुख सन्त कवि नहीं हैं –
(1) दादू (2) धन्ना
(3) पीपा (4) रैदास

**50.** 'नाटक' शीर्षक आलोचनात्मक निबंध के रचनाकार हैं –
(1) बालमुकुन्द गुप्त (2) राधाचरण गोस्वामी
(3) भारतेंदु हरिश्चन्द्र (4) जयशंकर प्रसाद

**51.** दुष्यन्त कुमार कृत 'एक कंठ विषपायी' किस प्रकार की रचना हैं?
(1) उपन्यास (2) एकांकी
(3) गीतिनाट्य (4) जीवनीपरक

52. निम्नलिखित में से अनूदित नाटक है –
(1) वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति
(2) पाखंड विखंडन
(3) चंद्रावली
(4) विषस्य विषमौषधम्

53. मध्वाचार्य द्वारा प्रवर्तित सिद्धान्त है –
(1) शुद्धाद्वैत वाद
(2) द्वैत वाद
(3) द्वैताद्वैत वाद
(4) विशिष्टाद्वैत वाद

54. निम्नलिखित में से कौनसा 'गोलमेन' द्वारा प्रदत्त संवेगात्मक बुद्धि के पांच घटको में से प्रमुख घटक नहीं है?
(1) स्वयं के संवेगों को जानना
(2) स्वयं के संवेगों का प्रबन्धन
(3) संवेगों का प्रकटीकरण
(4) अन्य के संवेगों की पहचान

55. निम्नलिखित में रीतिकाल की प्रमुख प्रवृत्ति नहीं है –
(1) आचार्यत्व का निरूपण
(2) ब्रजभाषा का क्लिष्ट प्रयोग
(3) अवधी भाषा में काव्य–रचना
(4) श्रृंगार की प्रधानता

56. निम्नलिखित लेखकों एवं उनके उपन्यासों के युग्मों में सही विकल्प है –
(1) लाला श्रीनिवासदास – बड़ा भाई
(2) गोपालराम गहमरी – दीनानाथ
(3) बालकृष्ण भट्ट – सौ अजान एक सुजान
(4) कार्तिक प्रसाद खत्री – प्रेम मयूख

57. 'हिमाद्रि तुंग–श्रृंग से, प्रबुद्ध–शुद्ध भारती।
स्वयं प्रभा समुज्ज्वला, स्वतंत्रता पुकारती।
अमर्त्य वीर–पुत्र हो, दृढ़–प्रतिज्ञ सोच लो।
प्रशस्त पुण्य पंथ है, बढ़े चलो, बढ़े चलो।'
इस काव्यांश में निहित काव्य–गुण है –
(1) ओज
(2) प्रसाद
(3) माधुर्य
(4) प्रासादान्त

58. वैब रेडियो उदाहरण है –
(1) श्रव्य माध्यम का
(2) दृश्य माध्यम का
(3) श्रव्य–दृश्य माध्यम का
(4) प्रक्षेपित माध्यम का

59. निम्नलिखित में घनानंद की रचना नहीं है –
(1) वियोगबेलि
(2) इश्कलता
(3) सुजान हित प्रबंध
(4) इश्कनामा

60. निम्नलिखित रसों के सामने लिखे उनके स्थायी भाव का गलत विकल्प बताइए –
(1) करुण – शोक
(2) हास्य – विस्मय
(3) शान्त – शम
(4) श्रृंगार – रति

61. लक्षणा शब्द शक्ति के संबंध में असंगत कथन है –
(1) मुख्यार्थ में बाधा
(2) मुख्यार्थ और लक्ष्यार्थ का संबंध
(3) साक्षात् संकेतित अर्थ का प्रधानता पूर्वक उपयोग
(4) अन्यार्थ का गृहीत होना

62. रौद्र रस का स्थायी भाव है –
(1) रति
(2) उत्साह
(3) क्रोध
(4) जुगुप्सा

63. कौनसे मनोवैज्ञानिक के महत्त्वपूर्ण योगदानों पर शिक्षा मनोविज्ञान का इतिहास आरम्भ होता है?
(1) जोहान हर्बर्ट
(2) सर फ्रान्सिस गाल्टन
(3) जी. स्टेनले हॉल
(4) फ्रोबेल

64. 'सुबरन को ढूँढत फिरै कवि, कामी अरु चोर।'
उक्त पंक्ति में अलंकार है –
(1) रूपक
(2) यमक
(3) श्लेष
(4) उपमा

65. निम्नलिखित में से कौनसी रचना जायसी की नहीं है?
(1) पद्मावत
(2) चित्रावली
(3) अखरावट
(4) आखिरी कलाम

66. निम्नलिखित में से सर्वांग निरूपक कवि हैं –
(1) भूषण
(2) देव
(3) बिहारी
(4) घनानंद

67. "हिंदुआन–थान उत्तम सुदेस। तहँ उदित द्रुग्ग दिल्ली सुदेस" प्रस्तुत पंक्ति का संबंध किस रासो ग्रंथ से है?
(1) बीसलदेव रासो
(2) हम्मीर रासो
(3) खुम्माण रासो
(4) पृथ्वीराज रासो

68. प्रोषित–पतिकाएँ हों, जितनी भी सखि, उन्हें निमंत्रण दे आ।
साकेत के नवम सर्ग की इन पंक्तियों के संदर्भ में कौनसा कथन संगत है?
(1) उर्मिला अपना अकेलापन दूर करना चाहती है।
(2) राजमहल के वैभव से प्रोषित–पतिकाओं को परिचित कराना चाहती है।
(3) दुखीजन ही उर्मिला को सुख दे सकते हैं।
(4) उर्मिला समाजसेवा के यज्ञ में प्रोषित–पतिकाओं को सम्मिलित करना चाहती है।

69. हिन्दी साहित्य के प्रारंभिक काल का आरम्भ 993 ई. से मानने वाले विद्वान हैं –
(1) रामकुमार वर्मा
(2) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(3) मिश्र बन्धु
(4) राहुल सांकृत्यायन

70. "कबीर ने जिस प्रकार निराकार ईश्वर के लिए भारतीय वेदान्त का पल्ला पकड़ा, उसी प्रकार निराकार ईश्वर की भक्ति के लिए सूफियों का प्रेमतत्व लिया और अपना 'निर्गुण पंथ' बड़ी धूमधाम से निकाला।" यह कथन किस विद्वान् का है?
(1) रामचंद्र शुक्ल
(2) रामकुमार वर्मा
(3) रामचन्द्र वर्मा
(4) हजारी प्रसाद द्विवेदी

71. 'सतगुर मिल्या त का भयां, जे मनि पाड़ी भोल। पासि बिनंठा कप्पड़ा, क्या करै बिचारी चोल।।' इस साखी में प्रयुक्त 'भोल' और 'चोल' शब्दों के क्रमशः निकटतम अर्थ हैं –
(1) गलती – चौला
(2) भूल – मजीठ रंग
(3) भोलापन – चौकस
(4) भलाई – चावल

72. निम्नलिखित में से कौनसी निर्मितवादी अधिगम प्रदान करने वाली कक्षा कक्ष के अध्यापक की उपयुक्त भूमिका नहीं है?
(1) अध्यापक सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करता है।
(2) अध्यापक सहयोगी के रूप में भूमिका निभाता है।
(3) अध्यापक अपनी तरफ से सूचनाएँ देने का कार्य करता है, विद्यार्थी मात्र सुनने का कार्य करते हैं।
(4) विद्यार्थियों के पास पहले से जो ज्ञान है, उसको अध्यापक समझने का प्रयास करता है, तद्नुसार गतिविधि हेतु प्रयास करता है।

73. काव्य–लक्षण के संबंध में सुमेलन नहीं है –
(1) रमणीयार्थ प्रतिपादकः शब्दः काव्यं – पंडित राज जगन्नाथ
(2) वाक्यं रसात्मकं काव्यं – पं. विश्वनाथ
(3) तद्दोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलङ्कृती – मम्मट
(4) रीतिरात्मा काव्यस्य – रुद्रट

74. 'कहानी का वह संक्षिप्त रूप जिसमें प्रारम्भ से अन्त तक कहानी की सभी घटनाओं और पात्रों का उल्लेख किया गया हो', को कहते हैं –
(1) संवाद
(2) कथानक
(3) उद्देश्य
(4) पात्र

75. निम्नलिखित उदाहरणों में अभिधा शब्द शक्ति वाला विकल्प है –
(1) प्रेमियों का प्रेम गीतातीत है, हार भी जिसमें परस्पर जीत है।
(2) लहरें व्योम चूमतीं उठती चपलाएँ असंख्य नचतीं।
(3) चारु चंद्र की चंचल किरणें, खेल रही हैं जल थल में।
(4) हुई वीरता की वैभव के साथ सगाई झाँसी में।

76. 'हे, शरण दायिनी देवि! तू करती सबका त्राण है।
तू मातृभूमि सन्तान हम, तू जननी तू प्राण है।।'
उक्त काव्य पंक्तियाँ किस छन्द में निबद्ध हैं?
(1) दोहा (2) उल्लाला
(3) गीतिका (4) हरिगीतिका

205129

77. मीराबाई की रचना नहीं है –
(1) राग गोविंद (2) श्याम सगाई
(3) गीत–गोविंद की टीका (4) नरसीजी रो मायरो

78. रिपोर्ताज के विषय में असंगत कथन है –
(1) रिपोर्ताज में बाह्य स्वरूप की अभिव्यक्ति कम और आंतरिक स्वरूप की अधिक होती है।
(2) रिपोर्ताज का स्वरूप कलात्मक होता है।
(3) रिपोर्ताज में मुख्यतः घटना होती है।
(4) रिपोर्ताज लेखक का उद्देश्य वस्तुगत तथ्यों को प्रभावपूर्ण तरीके से अभिव्यक्त करना होता है।

205129

79. "एक बालक परीक्षा में फेल हो जाता है, तो वह बहाना गढ़ता है, कि प्रश्नपत्र पाठ्यक्रम से बाहर का था।" बालक द्वारा प्रकट की गई समायोजन की यह रक्षा युक्ति किस श्रेणी में आती है?
(1) प्रक्षेपण (2) तादात्मीकरण
(3) औचित्य स्थापना (4) अन्तःक्षेपण

80. " 'छायावाद' नाम चल पड़ने का परिणाम यह हुआ कि बहुत से कवि रहस्यात्मकता, अभिव्यंजना के लाक्षणिक वैचित्र्य, वस्तुविन्यास की विश्रृंखलता, चित्रमयी भाषा और मधुमयी कल्पना को ही साध्य मानकर चले।" यह कथन किसका है?
(1) मुकुटधर पाण्डेय (2) नन्द दुलारे वाजपेयी
(3) रामचंद्र शुक्ल (4) नगेन्द्र

205129

81. निम्नलिखित में से कौनसा कार्य शिक्षा में आई.सी.टी. (सूचना एवं संप्रेषण तकनीकी) के उपयोग को दर्शाने वाले उदाहरण है?
(अ) विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं को कम्प्यूटर की ओ.एम.आर., ओ.सी.आर. तथा एम.आई.सी.आर. प्रणाली के द्वारा पढ़ा जाना।
(ब) प्रश्न पत्रों की तैयारी में प्रश्न बैंक से वर्गीकरण कर प्रश्नों को सामंजस्य बैठाने हेतु प्रोग्रामिंग की सहायता लेना।
(स) शिक्षण हेतु ऑडियो–वीडियो प्रस्तुतीकरण।
विकल्प –
(1) केवल उपरोक्त 'अ' (2) केवल उपरोक्त 'अ' एवं 'ब'
(3) केवल उपरोक्त 'ब' एवं 'स' (4) उपरोक्त 'अ', 'ब' एवं 'स' तीनों

205129

82. प्रसाद गुण का उदाहरण नहीं है –
(1) विनती सुन लो हे भगवान। हम सब बालक हैं नादान।
विद्या–बुद्धि नहीं कुछ पास। हमें बना लो अपना दास।
(2) मन्द–मन्द मुरली बजावत अधर धरे, मन्द–मन्द निकस्यो मुकुन्द मधुबन तें।
(3) मैं जो नया ग्रन्थ विलोकता हूँ, भाता मुझे सो नव मित्र–सा है।
(4) देखि सुदामा की दीन दसा, करुना करिकै करुनानिधि रोये।
पानी परात को हाथ छुयो नहिं, नैनन के जल सों पग धोये।।

83. रीतिकालीन कवि और उनकी रचना की दृष्टि से सुमेलित नहीं है –
(1) देव – भावविलास (2) घनानंद – प्रीतिपावस
(3) भूषण – भाषाभूषण (4) बिहारी – सतसई

84. सन् 1854 में कलकत्ता से प्रकाशित होने वाले हिन्दी दैनिक समाचार पत्र का नाम है –
(1) वृत्तांत विलास
(2) समाचार सुधावर्षण
(3) ज्ञान प्रदायिनी
(4) उदन्त मार्तण्ड

85. "रावरे रूप की रीति अनूप, नयौ–नयौ लागत ज्यौं ज्यौं, निहारिए।" पंक्ति के रचयिता हैं –
(1) आलम
(2) बोधा
(3) रसलीन
(4) घनानंद

86. निम्नांकित में कौनसा विकल्प कहानी का तत्व नहीं है?
(1) शब्द चित्रण
(2) विषय वस्तु
(3) चरित्र–चित्रण
(4) भाषा शैली

87. 'सैलोवी एवं मेयर' ने आरम्भ में संवेगात्मक बुद्धि को कौनसी बुद्धि का एक प्रकार माना था?
(1) कृत्रिम बुद्धि
(2) सामाजिक बुद्धि
(3) यांत्रिक बुद्धि
(4) गतिक बुद्धि

88. 'कफन' कहानी के विषय में असंगत कथन है –
(1) कफ़न प्रेमचंद्र की कथा चेतना और संरचना में बदलाव उपस्थित करने वाली कहानी है।
(2) यह कहानी आद्योपांत यथार्थ की ही यात्रा करती है।
(3) यह कहानी अपनी संरचना को नैतिक समाधान मूलक अंतिम बिंदु के शासन से मुक्त करती है।
(4) यह कहानी अर्थमूलक यथार्थ के मात्र एक स्तरीय आयाम को उद्घटित करती है।

89. हंस! छोड़ आये कहाँ, मुक्ताओं का देश?
यहाँ बन्दिनी के लिए, लाये क्या सन्देश?
उपर्युक्त पंक्तियों में छन्द है –
(1) दोहा
(2) चौपाई
(3) रोला
(4) गीतिका

90. विद्यापति जिस रचना के आधार पर 'मैथिल कोकिल' कहलाये, वह है –
(1) कीर्तिलता
(2) कीर्तिपताका
(3) पदावली
(4) विभागसार

91. शिक्षा के प्रणाली उपागम के अनुसार, 'प्रतिपुष्टि' अनुदेशनात्मक प्रणाली के किस समष्टि (Parameter) अंतर्गत आता है?
(1) अदा (Input)
(2) प्रदा (Output)
(3) प्रक्रिया (Process)
(4) पाठ्यवस्तु (Curriculum)

92. 'भ्रमरगीतसार' में किस रस की प्रधानता है?
(1) संयोग श्रृंगार
(2) वात्सल्य रस
(3) विप्रलंभ श्रृंगार
(4) शांत रस

93. रोला छंद के प्रत्येक चरण में कितनी मात्राएँ होती हैं?
(1) 11
(2) 13
(3) 16
(4) 24

94. पत्रकारिता से सम्बन्धित लेखन नहीं माना जाता है –
(1) समाचार लेखन
(2) फ़ीचर लेखन
(3) स्तम्भ लेखन
(4) पटकथा लेखन

95. 'अनुभाव' का भेद नहीं है –
(1) सात्विक
(2) कम्प
(3) कायिक
(4) तामसिक

96. सबरी गीध सुसेवकनि सुगति दीन्हि रघुनाथ। नाम उधारे अमित खल बेद बिदित गुन गाथ। बालकाण्ड की इन पंक्तियों के संदर्भ में इनमें से कौनसा कथन सुसंगत है?
(1) इनमें वेदों का महिमा–मंडन प्रधान रूप से किया गया है।
(2) रघुनाथ के दानवीर स्वरूप का वर्णन है।
(3) राम–नाम की महिमा का बखान है।
(4) सबरी और गीध बहुत अच्छे सेवक थे, इस तथ्य का रेखांकन है।

**97.** 'बीसलदेव रास' में नायिका का नाम है –

(1) पद्मावती (2) राजमती
(3) रत्नावली (4) चित्रावली

**98.** निम्नलिखित में से कौनसी पियाजे के संज्ञानात्मक विकास सिद्धान्त के अन्तर्गत 'औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था' की विशेषता नहीं है?

(1) परिकल्पनाओं को समझने तथा मूर्त और वर्तमान से हटकर तर्क वाक्यों के आधार पर विचार करने की क्षमता प्राप्त कर लेना।
(2) शाब्दिक तर्क वाक्यों के लिए तैयार हो जाना।
(3) अहंकेंद्रितता।
(4) केवल संभाव्य सत्य और प्रमाण के आधार पर निष्कर्ष निकालने की क्षमता प्राप्त कर लेना।

**99.** रचना की प्रामाणिकता की दृष्टि से असंगत विकल्प है –

(1) भरतेश्वर बाहुबली रास (2) चंदनबाला रास
(3) विजयपाल रासो (4) रेवंतगिरि रास

**100.** "जब अस्वाभाविक उद्दीपक को किसी स्वाभाविक उद्दीपक के साथ बार–बार प्रस्तुत किया जाता है, तो इस अस्वाभाविक उद्दीपक में स्वाभाविक उद्दीपक के गुण आ जाते हैं। तथा केवल अस्वाभाविक उद्दीपक प्रस्तुत करने पर ही जीव स्वाभाविक उद्दीपक की अनुक्रिया देने लगता है"। यह अधिगम के कौनसे सिद्धान्त के अन्तर्गत प्रदर्शित होता है?

(1) क्रिया प्रसूत अनुबंधन सिद्धांत (2) क्लासिकल अनुबंधन सिद्धांत
(3) हल का प्रबलन सिद्धांत (4) समीपता अनुबंधन सिद्धांत

**101.** 'यों परदे की इज्जत परदेशी के हाथ बिकानी थी।' पंक्ति में अलंकार है –

(1) यमक (2) श्लेष
(3) सन्देह (4) उपमा

**102.** निम्नलिखित में से कौनसे सहकारी अधिगम के उद्देश्य हैं?

(अ) आवश्यक जीवन कौशलों का विकास एवं अर्जन।
(ब) सूचनाओं का आदान–प्रदान।
(स) ऐसे समूह का निर्माण, जो साथ मिलकर काम करें।

(1) केवल 'अ' (2) केवल 'अ' एवं 'ब'
(3) केवल 'ब' एवं 'स' (4) 'अ', 'ब' एवं 'स' तीनों

**103.** निम्नलिखित में से कौनसी परिपक्व नैतिकता की विशेषता नहीं है?

(1) स्वयं अपनी तथा अन्य लोगों की भावनाओं पर ध्यान देना।
(2) प्राकृतिक परिणामों का अनुशासन।
(3) स्थिति संबंधी तथ्यों और उनके परिणामों पर ध्यान देना।
(4) नैतिक सिद्धांतों के निर्माण और उनके संशोधन की योग्यता।

**104.** 'कहती हुई यों उत्तरा के नेत्र जल से भर गए।
हिम के कणों से पूर्ण मानो हो गए पंकज नए।।'
इन पंक्तियों में कौनसा छन्द है?

(1) गीतिका (2) हरिगीतिका
(3) उल्लाला (4) रोला

**105.** वह काव्य धारा जो मार्क्सवादी दर्शन के आलोक में सामाजिक चेतना और भाव–बोध को अपना लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ी, वह कहलाई –

(1) प्रयोगवाद (2) नई कविता
(3) प्रगतिवाद (4) साठोत्तरी कविता

**106.** किस ग्रंथ का निर्माण लोकभाषा सिखाने के उद्देश्य से किया गया था?

(1) प्राकृत–पैंगलम (2) उक्ति–व्यक्ति प्रकरण
(3) वर्ण–रत्नाकर (4) चर्यापद

107. निम्नलिखित में से कौनसी आसुबेल के अग्रिम संगठक प्रतिमान की मान्यता नहीं है?
- (1) प्रत्येक अधिगमकर्ता के पास किसी भी एक अधिगम परिस्थिति में किसी भी विषयवस्तु का अधिगम करने हेतु अपनी एक अलग ही संज्ञानात्मक संरचना होती है।
- (2) इस प्रतिमान का प्रयोजन अधिगमकर्ता की मौजूदा संज्ञानात्मक संरचना में वृद्धि करना और उसे अपेक्षित मजबूती प्रदान करना है।
- (3) यह प्रतिमान विषय सामग्री को प्रस्तुत करने हेतु शिक्षण के प्रचलित तरीके व्याख्यान विधि तथा अन्य विवरणात्मक विधियों को स्वीकार करता है।
- (4) इस प्रतिमान के अन्तर्गत यह धारणा है, कि कोई व्यक्ति तभी ठीक प्रकार से सीख सकता है, जब उसके सामने नवीन ज्ञान या सूचनाओं को उचित ढंग से संगठित किया जाए।

108. 'सॉफ्टवेयर तकनीकी' का सर्वप्रथम प्रयोग कौनसे मनोवैज्ञानिक ने किया?
- (1) ए.ए. लूम्सडेन
- (2) बी.एफ. स्किनर
- (3) स्मिथ एवं कामबेल
- (4) ई.एल. थॉर्नडाइक

109. एक ऐसी शिक्षण अधिगम व्यूह रचना जिसमें एक कक्षा के विद्यार्थी अपने आपको छोटे–छोटे विभिन्न समूहों में बाँटकर परस्पर मिल जुल कर अध्ययन करते हैं। क्या कहलाती है?
- (1) प्रभुत्ववादी अधिगम
- (2) प्रक्षेपण अधिगम
- (3) नियंत्रित अधिगम
- (4) सहकारी अधिगम

110. निम्नलिखित रचनाकार और रचना की दृष्टि से सुमेलित विकल्प है –
- (1) दलपति विजय – बीसलदेव रासो
- (2) नरपति नाल्ह – विजयपाल रासो
- (3) भट्ट केदार – जयमयंक जसचन्द्रिका
- (4) श्रीधर – रणमल्ल छंद

111. 'कृष्ण गीतावली' के रचयिता कौन हैं?
- (1) नाभादास
- (2) सूरदास
- (3) मीराबाई
- (4) तुलसीदास

112. निम्नलिखित में से कौनसा मानसिक रूप से स्वस्थ मनुष्य का लक्षण नहीं है?
- (1) आत्म मूल्यांकन
- (2) अति संवेदनशीलता
- (3) वास्तविक प्रत्यक्षण
- (4) स्पष्ट जीवन–लक्ष्य

113. निम्नलिखित में से कौनसा विकल्प सुमेलित नहीं है?
- (1) जिन्दगी और जोंक – अमरकांत
- (2) गुलरा के बाबा – फणीश्वरनाथ रेणु
- (3) चीफ़ की दावत – भीष्म साहनी
- (4) परिन्दे – निर्मल वर्मा

114. निम्नलिखित में से कौनसी रचना तुलसीदास द्वारा रचित नहीं है?
- (1) गीतावली
- (2) कवितावली
- (3) चरितावली
- (4) दोहावली

115. 'पृथ्वीराज रासो' के संबंध में कौनसा कथन असत्य है?
- (1) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने इसे शुक–शुकी संवाद के रूप में रचित माना है।
- (2) इसका बृहत् संस्करण 69 समयों में विभाजित है।
- (3) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने इसे पूर्णतया जाली ग्रन्थ माना है।
- (4) यह डिंगल शैली में ही लिखा गया है।

116. निम्नलिखित में से कौनसी 'व्यवहारपक उपागम' की अवधारणा नहीं है?
- (1) वातावरण द्वारा व्यवहार का निर्धारण।
- (2) बाह्य या प्रेक्षणीय व्यवहार।
- (3) आन्तरिक कारकों या अचेतन द्वारा व्यवहार का नियन्त्रण।
- (4) अधिगम के प्रभाव, दण्ड एवं पुरस्कार।

117. "भारतेन्दु ने हिन्दी साहित्य को एक नये मार्ग पर खड़ा किया। वे साहित्य के नये युग–प्रवर्तक थे।" उपर्युक्त कथन किस आलोचक का है?
- (1) रामचंद्र शुक्ल
- (2) महावीर प्रसाद द्विवेदी
- (3) नंददुलारे वाजपेयी
- (4) रामकुमार वर्मा

**118.** "हिन्दी प्रदेश में नवजागरण, 1857 ई. के स्वाधीनता संग्राम से शुरू होता है।" यह कथन किसका है?
(1) रामस्वरूप चतुर्वेदी
(2) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(3) नामवर सिंह
(4) रामविलास शर्मा

**119.** निम्नलिखित में से रीतिमुक्त कवि नहीं है –
(1) ठाकुर
(2) आलम
(3) बिहारी
(4) घनानंद

**120.** "संप्रेषण विचार विनिमय के मूड में विचारों तथा भावनाओं को जानने तथा समझने की प्रक्रिया है।" यह कथन किसने कहा?
(1) एंडरसन
(2) लीगंस
(3) लूगीस एवं वीगल
(4) एडगर डेल

**121.** हिन्दी साहित्येतिहास लेखन के निम्नलिखित विकल्पों में से गलत कौनसा है?
(1) हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास – डॉ. राम कुमार वर्मा
(2) हिन्दी साहित्य की भूमिका – आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
(3) हिन्दी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास – गणपति चन्द्र गुप्त
(4) हिन्दी साहित्य और संवेदना का विकास – परशुराम चतुर्वेदी

**122.** निम्नलिखित में सत्य कथन है –
(1) चौपाई के प्रत्येक चरण में 16 मात्राएँ होती हैं।
(2) हरिगीतिका विषम वर्णिक छन्द है।
(3) रोला गणबद्ध छंद है।
(4) उल्लाला के विषम चरणों में 18 मात्राएँ होती हैं।

**123.** "भूषण बिनु न बिराजई कविता वनिता मित्त" पंक्ति के रचनाकार हैं –
(1) भूषण
(2) केशवदास
(3) घनानंद
(4) बिहारी

**124.** संस्मरणात्मक रेखाचित्रों का संग्रह नहीं है –
(1) अतीत के चलचित्र
(2) पथ के साथी
(3) स्मृति की रेखाएँ
(4) श्रृंखला की कड़ियाँ

**125.** "शिक्षक श्रव्य–दृश्य सामग्री के द्वारा छात्रों की एक से अधिक इंद्रियों को प्रभावित करके पाठ्य–वस्तु को सरल, रुचिकर तथा प्रभावशाली बनाता है।" यह कथन किसका है?
(1) एलविन स्ट्रॉंग
(2) मैकोन तथा रॉबर्ट्स
(3) डैण्ट
(4) एडगर डेल

**126.** हिन्दी के निम्नलिखित गद्य लेखकों में सबसे परवर्ती गद्य–लेखक हैं –
(1) बालमुकुन्द गुप्त
(2) लल्लूलाल
(3) सदल मिश्र
(4) इंशा अल्ला खाँ

**127.** नैंकु कही बैननि, अनेक कही नैननि सौं।
रही सही सोऊ कहि दीनी हिचकीनिं सौं।।
उक्त पंक्ति में कौनसा रस है?
(1) संयोग श्रृंगार
(2) वियोग श्रृंगार
(3) वीर रस
(4) करुण रस

**128.** निम्न में से कौनसा सिद्धान्त व्याकरण के स्फोटबाद से प्रेरित माना जाता है?
(1) अलंकार सिद्धान्त
(2) रीति सिद्धान्त
(3) ध्वनि सिद्धान्त
(4) वक्रोक्ति सिद्धान्त

**129.** 'मारवाड़ी' की उपबोली नहीं है –
(1) तोरावाटी
(2) थली
(3) ढटकी
(4) बागड़ी

205129

**130.** 'रीति सिद्ध' काव्य धारा में उन कवियों को रखा गया है –
- (1) जिन्होंने काव्यांग–निरूपण करते हुए लक्षण–उदाहरण पद्धति पर काव्य–रचना की।
- (2) जिन्होंने काव्यांग–निरूपण करते हुए लक्षण तो दिए, परन्तु उदाहरण स्वरूप काव्य–रचना नहीं की।
- (3) जिन्होंने लक्षण–उदाहरण पद्धति तो नहीं अपनाई, परन्तु काव्य–रचना करते समय लक्षणों का ध्यान अवश्य रखा।
- (4) जिन्होंने लक्षण–उदाहरण की पद्धति नहीं अपनाई और काव्य–रचना करते समय लक्षणों पर ध्यान भी नहीं दिया।

**131.** "फ़ोर्ट विलियम कॉलेज के आश्रय में लल्लूलाल जी गुजराती ने खड़ी बोली के गद्य में 'प्रेमसागर' और सदल मिश्र ने 'नासिकेतोपाख्यान' लिखा। अतः खड़ी बोली गद्य को एक साथ आगे बढ़ाने वाले चार महानुभाव हुए हैं – मुंशी सदासुखलाल, सैयद इंशाअल्ला खाँ, लल्लूलाल और सदल मिश्र।" यह कथन किसका है?
- (1) डॉ. नगेन्द्र
- (2) बच्चन सिंह
- (3) रामचंद्र शुक्ल
- (4) गणपति चंद्रगुप्त

**132.** प्रणाली उपागम के अनुसार शिक्षक, विद्यार्थी एवं पाठ्यक्रम हैं?
- (1) अदा के तत्व
- (2) प्रदा के तत्व
- (3) प्रक्रिया के तत्व
- (4) संक्रिया के तत्व

**133.** किस मनोवैज्ञानिक ने किशोरावस्था को 'संघर्ष, तनाव, तूफान तथा विरोध की अवस्था' कहा है?
- (1) फ्रांसिस गाल्टन
- (2) स्टेनले हॉल
- (3) एबिंगहॉस
- (4) विलियम जेम्स

**134.** निम्नलिखित में से कौनसा स्किनर के सीखने के सिद्धान्त का शैक्षिक निहितार्थ नहीं है?
- (1) शिक्षक को कक्षा में अध्यापन प्रारंभ करने के पहले शैक्षिक उद्देश्यों को स्पष्ट रूप से परिभाषित कर लेना चाहिए।
- (2) जब विद्यार्थियों को शिक्षक से दण्ड पाने का भय रहता है, तो ऐसी अवस्था में शिक्षण उन्नत होता है।
- (3) शिक्षक कक्षा में उन व्यवहारों पर अधिक ध्यान दें, जो विद्यार्थी स्वयं करते हैं।
- (4) शिक्षकों द्वारा बालकों को कोई विषयवस्तु सिखाते समय पहले शत प्रतिशत प्रयासों में सही अनुक्रिया के लिए पुनर्बलन दिया जाना चाहिए, तत्पश्चात् आंशिक पुनर्बलन का सहारा लेना चाहिए।

**135.** आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने रीतिकाल का प्रवर्तक किसे माना है?
- (1) केशवदास
- (2) मतिराम
- (3) बिहारी
- (4) चिंतामणि त्रिपाठी

**136.** राजभाषा हिन्दी की विशेषता नहीं है –
- (1) अभिधात्मक प्रयोग
- (2) एकार्थक शब्दावली पर बल
- (3) विशिष्ट पारिभाषित शब्दावली का स्वल्प प्रयोग
- (4) कार्यालयी प्रयोग में कर्मवाच्य की प्रधानता

**137.** निम्नलिखित में से कौनसा 'रासो काव्य' 'आल्हाखण्ड' के नाम से भी जाना जाता है?
- (1) हम्मीर रासो
- (2) परमाल रासो
- (3) विजयपाल रासो
- (4) खुम्माण रासो

**138.** चिर जीवौ जोरी जुरै, क्यों न सनेह गंभीर।
को घटि? ए वृषभानुजा, वे हलधर के बीर।
उक्त पंक्तियाँ किस शब्द शक्ति का उदाहरण हैं?
- (1) अभिधा
- (2) रूढ़ि लक्षणा
- (3) शाब्दी व्यंजना
- (4) आर्थी व्यंजना

**139.** डायरी लेखन के सम्बन्ध में असंगत कथन है –
- (1) डायरी आत्मकथा का ही एक बदला हुआ रूप है।
- (2) डायरी में वैयक्तिकता होती है।
- (3) डायरी कोई विशेष कलापूर्ण साहित्य रूप नहीं माना जाता है।
- (4) डायरी के माध्यम से लेखक के सद्यः स्फुरित भावों तथा विचारों को अभिव्यक्ति नहीं मिलती है।

**140.** 'हित–तरंगिणी' के रचनाकार हैं –

(1) कृपाराम
(2) नंददास
(3) केशवदास
(4) जसवंत सिंह

**141.** कविता के सम्बन्ध में असंगत कथन है –

(1) कविता समय विशेष से नितान्त असम्बद्ध होती है।
(2) कविता में आंतरिक लय होती है।
(3) कविता कम शब्दों में अपनी बात कहने की ताकत रखती है।
(4) अच्छी कविता के लिए विभिन्न काव्य–शैलियों का ज्ञान अपेक्षित होता है।

**142.** निम्नलिखित में से कौनसा 'कम्प्यूटर सहाय अनुदेशन' का प्रकार नहीं है?

(1) ड्रिल एण्ड प्रैक्टिस
(2) सामान्यीकृत अधिगम प्रणाली
(3) ट्यूटोरियल
(4) सिमुलेशन

**143.** जनसंचार माध्यमों में निम्नलिखित में से कौनसा लोक माध्यम सम्मिलित नहीं है?

(1) गवरी
(2) चलचित्र
(3) कठपुतली
(4) कावड़

**144.** निम्नलिखित में से कौनसी रचना पाठ की दृष्टि से प्रामाणिक मानी जाती है?

(1) कीर्तिलता
(2) खुमान रासो
(3) जयचंद प्रकाश
(4) खुसरो की पहेलियाँ

**145.** 'शिरीष के फूल' निबन्ध में द्विवेदी जी ने 'शिरीष' को माना हैं –

(1) एक अद्भुत अवधूत
(2) निर्धूम अग्निकुण्ड
(3) राजोद्यान का सिंहद्वार
(4) महाकाल देवता

**146.** निम्नलिखित में से 'भक्तमाल' रचना के टीकाकार कौन हैं?

(1) नाभादास
(2) प्रियादास
(3) अग्रदास
(4) चतुर्भुजदास

**147.** हार्डवेयर तकनीकी का उद्गम स्त्रोत किसे माना जाता है?

(1) सामाजिक विज्ञानों में
(2) भौतिक विज्ञानों और अभियांत्रिकी में
(3) भाषा विज्ञानों में
(4) कला विज्ञानों में

**148.** कुट्टिल केस सुदेस, पोह परिचियत पिक्क सद।
कमलगंध बयसंध, हंसगति चलति मंद मद।।
उपर्युक्त पंक्तियाँ किस रचनाकार की हैं?

(1) विद्यापति
(2) जल्हण
(3) चंदबरदाई
(4) विन्नयसूरि

**149.** निम्नलिखित में से कौनसा विकल्प संप्रेषण के दौरान आने वाली 'मनोवैज्ञानिक बाधा' की श्रेणी में आता है?

(1) अपूर्ण तथा अपूर्ति जिज्ञासायें
(2) गलत उच्चारण
(3) पूर्व अधिगम
(4) खराब स्वास्थ्य

**150.** माधुर्य गुण के सम्बन्ध में कौनसा कथन असंगत है?

(1) 'ण' को छोड़कर शेष पंचम वर्ण का प्रयोग
(2) समास–रहितता हो
(3) कोमल, मधुर वर्णों से युक्त रचना
(4) वीभत्स रस से सम्बन्धित हो

---

Space for Rough Work / रफ कार्य के लिये जगह

205129
205129
205129
205129